### एक नजर में



## रामटौरिया में किसान पेट्रोल पंप का शुभारंभ

**छतरपुर, 7 मार्च.** घुवारा क्षेत्र के ग्राम रामटौरिया में किसान पेट्रोल पंप का शुभारंभ किया गया. उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के ग्रामीण, किसान और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान पेट्रोल पंप के संचालन को लेकर जानकारी दी गई और क्षेत्र के लोगों को इससे मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा की गई. इस अवसर पर गजाधर सिंह लोधी (रामटौरिया, हाल निवासी गुंजोरा) भी कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि यह पेट्रोल पंप क्षेत्र के किसानों और आम लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है. इससे ग्रामीणों को ईंधन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और समय की भी बचत होगी. समारोह में उपस्थित ग्रामीणों और किसानों ने इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी. कार्यक्रम के अंत में सभी ने पेट्रोल पंप के सफल संचालन और क्षेत्र की प्रगति की कामना की.



## गलत ब्लड चढ़ने से बिगड़ी महिला की हालत

**छतरपुर, 7 मार्च.** छतरपुर में प्रसव के बाद एक महिला की हालत गलत रक्त चढ़ाए जाने से गंभीर हो गई. मालती नामक महिला ने जिला अस्पताल में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था, लेकिन प्रसव के बाद उनकी ब्लीडिंग बंद नहीं हो रही थी .बताया गया कि 1 मार्च को पति दीपक पाल ने रक्तदान किया. जांच में मालती का ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव बताया गया और उसी के अनुसार रक्त चढ़ा दिया गया. इसके बाद महिला की तबीयत और बिगड़ गई .गंभीर हालत में उन्हें ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां जांच में पता चला कि उनका ब्लड ग्रुप सामान्य ओ पॉजिटिव नहीं, बल्कि बेहद दुर्लभ 'बॉम्बे पॉजिटिव (ओएच)' है. गलत रक्त चढ़ने से उनका खून संक्रमित हो गया और किडनी पर असर पड़ने के कारण डायलिसिस की नौबत आ गई. इसके बाद रक्तवीर सेवादल के अमित जैन ने देशभर में संपर्क किया. आखिरकार विशाखापत्तनम में यह दुर्लभ ब्लड मिला, जिसे कार्गो विमान से ग्वालियर भेजा गया.

# बिना डीजे निकली श्रीराम ध्वज यात्रा

## ढोल-नगाड़ों और भजनों से गूंजा शहर, पुष्पवर्षा और चंदन तिलक से रामभक्तों का स्वागत

**छतरपुर, 7 मार्च. छतरपुर की सड़कों पर भक्ति और मर्यादा का अनूठा संगम देखने को मिला. श्रीराम सेवा समिति द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियों के तहत भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई.**

जिसने अपनी सादगी और आध्यात्मिक माहौल से शहरवासियों का दिल जीत लिया. खास बात यह रही कि यात्रा पूरी तरह बिना डीजे के निकाली गई, जिससे ध्वनि प्रदूषण से दूर रहकर पारंपरिक तरीके से भक्ति का संदेश दिया गया.

ध्वज यात्रा गांधी चौक बाजार से शुरू होकर हटवारा, मऊदरवाजा, बस स्टैंड और



जवाहर रोड होते हुए आगे बढ़ी.

रास्ते भर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर रामभक्तों का स्वागत किया और 'जय श्रीराम' के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा. तेज शोर की जगह ढोल-नगाड़ों की थाप, शंखनाद और मधुर राम भजनों की धुन सुनाई देती रही.यात्रा का समापन हनुमान टौरिया मंदिर में हुआ, जहां हनुमान टौरिया सेवा समिति ने रामभक्तों का चंदन तिलक और फूलों से स्वागत किया. मंदिर परिसर में धर्म ध्वज का विधि-विधान से पूजन कर भगवान हनुमान से श्रीराम जन्मोत्सव की सफलता का आशीर्वाद मांगा गया.

> **संदेश**
>
> छतरपुर की इस पहल ने यह संदेश दिया कि आस्था की शक्ति शोर में नहीं, बल्कि श्रद्धा और अनुशासन में होती है. बिना डीजे की यह ध्वज यात्रा अब शहर में एक नई और प्रेरणादायक परंपरा के रूप में देखी जा रही है.

# 12 मार्च को एचसीएल टेक का करियर सेमिनार

- किशोर सागर ऑडिटोरियम में छात्रों को आईटी क्षेत्र की मिलेगी जानकारी



**छतरपुर, 7 मार्च. छतरपुर में छात्रों को आईटी क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है. जिला प्रशासन के प्रयासों से 12वीं पास या इस वर्ष परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष सेमिनार आयोजित किया जा रहा है.**

यह सेमिनार 12 मार्च को किशोर सागर ऑडिटोरियम में आयोजित होगा, जहां एचसीएल टेक के प्रतिनिधि छात्रों को कंपनी की बीईई परीक्षा, चयन प्रक्रिया और आईटी क्षेत्र में करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देंगे. सेमिनार के दौरान ही इच्छुक छात्र-छात्राओं का पंजीयन भी किया जाएगा. इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जिले के युवाओं को आईटी सेक्टर में आगे बढ़ने का अवसर देना है. सेमिनार में कंपनी के विशेषज्ञ छात्रों को प्रशिक्षण, नौकरी के अवसर और चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताएंगे.

# एसपी ने खजुराहो थाना प्रभारी प्रशांत सेन को पद से हटाया

- विवादों के बीच हुआ प्रशासनिक फेरबदल
- पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने की उम्मीद

**छतरपुर, 7 मार्च. खजुराहो में पिछले कुछ समय से विवादों के केंद्र में रहे थाना प्रभारी प्रशांत सेन को पद से हटा दिया गया है. छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने यह कार्रवाई करते हुए उन्हें खजुराहो थाना प्रभारी के पद से मुक्त कर दिया.**

उनके स्थान पर उपनिरीक्षक नंदकिशोर सोलंकी को खजुराहो थाने की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है. पुलिस विभाग की ओर से जारी आदेश के बाद यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया. बताया जा रहा है कि प्रशांत सेन का कार्यकाल कई कारणों से चर्चा और विवादों में रहा था. स्थानीय स्तर पर



भी उनके स्थानांतरण की मांग उठ रही थी.

पुलिस विभाग का कहना है कि यह प्रशासनिक फेरबदल कानून-व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है. नई पदस्थापना के बाद पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है.

## सिलेंडर के दाम में 60 रुपए की बढ़ोतरी सरकार की विफलता : कांग्रेस

**विदिशा.** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी में आरोप लगाया की पहले से ही बढ़ती महंगाई से मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवार जूझ रहे है ऊपर से सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर 60 रुपये बढ़ा दिए हैं यह बेहद चिंताजनक है.

श्री रघुवंशी ने कहा की कल ही भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा था,हमारी प्राथमिकता है कि हमारे नागरिकों को सस्ता और टिकाऊ ईंधन उपलब्ध कराया जाए, और हम इसे आराम से सुनिश्चित कर रहे हैं.लेकिन आज घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 60 और कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 115 बढ़ा दी गई है. श्री रघुवंशी ने आरोप लगाया की इज़राइल और अमेरिका के आगे नतमस्तक हुई भाजपा सत्कार के कारण आज पूरा देश इसकी कीमत चुका रहा है.

# बागेश्वर धाम पहुंचे यूपी के डिप्टी सीएम पाठक

## पत्नी के साथ बागेश्वर धाम पहुंचकर की विशेष पूजा-अर्चना

- पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात, जल्द यूपी में कथा कराने की कही बात
- उत्तर प्रदेश में जल्द कथा आयोजन की जताई संभावना

**छतरपुर, 7 मार्च. उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक अपने पारिवारिक दौरे पर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बागेश्वर धाम पहुंचे. डिप्टी सीएम के रूप में यह उनका धाम पर पहला आगमन था.**

उनके आगमन को देखते हुए प्रशासन और धाम समिति की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे. धाम पहुंचने के बाद उन्होंने अपनी पत्नी के साथ भगवान बागेश्वर बालाजी के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की और देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की.



### पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से की शिष्टाचार भेंट

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान दोनों के बीच कुछ समय तक आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा भी हुई. ब्रजेश पाठक ने श्रद्धा स्वरूप महाराज जी को अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया. वहीं बागेश्वर महाराज ने भी उनका स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान बालाजी का चित्र और एक आध्यात्मिक पुस्तक भेंट की. डिप्टी सीएम ने बागेश्वर धाम की व्यवस्थाओं और वहां के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना करते हुए इसे जन-आस्था का बड़ा केंद्र बताया. उन्होंने यह भी कहा कि निकट भविष्य में उत्तर प्रदेश में पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा कथा आयोजित कराने का प्रयास किया जाएगा. इस दौरान प्रकाश द्विवेदी सहित कई जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु मौजूद रहे. डिप्टी सीएम के दौरे को लेकर धाम परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला.

# ग्राम मलका में होली के विवाद ने लिया हिंसक रूप

- दो पक्षों में मारपीट, एक दर्जन घायल
- पीड़ित परिवार ने एसपी से की शिकायत

**छतरपुर, 7 मार्च. छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा पुलिस स्टेशन अंतर्गत ग्राम मलका में होली के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया.**

घटना के बाद पीड़ित परिवार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

पीड़ित रंजीत अहिरवार के अनुसार 5 मार्च को होली के रंग लगाने को लेकर बच्चों के बीच कहासुनी हो गई थी. इसके बाद गांव के कुछ लोग उनके घर पहुंचे और उनकी मां व बहनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की.



### घटना में दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिक लोग घायल

उस समय घर के पुरुष सदस्य मौजूद नहीं थे, जिससे महिलाएं डर गईं. अगले दिन 6 मार्च की सुबह करीब 8 बजे आरोपियों ने दोबारा घर पहुंचकर पत्थर, डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया. आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट की और बीच-बचाव करने आए तुलाराम अहिरवार को पकड़कर ले जाने की भी कोशिश की. घटना में दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. पीड़ित परिवार का आरोप है कि शिकायत के बावजूद अभी तक आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई है. उन्होंने निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है.

## बकाया वसूली के लिए बिजली कंपनी की टीम घर-घर पहुंची

**सांची.** बिजली कंपनी द्वारा बकाया राशि वसूलने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में अब विभागीय अधिकारी और कर्मचारी गांव-गांव तथा घर-घर पहुंचकर उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल जमा कराने का कार्य कर रहे हैं. इससे उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए बिजली कार्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. जानकारी के अनुसार मार्च माह में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने बकाया बिलों की वसूली के लिए अभियान तेज कर दिया गया है, ताकि निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जा सके.



# माता मंदिर के सामने युवक ने लगाई फांसी

**छतरपुर, 7 मार्च. छतरपुर नगर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है.**

घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ी बगराजन माता मंदिर के सामने की बताई जा रही है, जहां एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला. मृतक की पहचान राजनगर थाना क्षेत्र निवासी भानु अहिरवार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया.

**शिविर** ▶ स्वयंसेवकों ने श्रमदान, वृक्षारोपण और जागरूकता अभियान चलाया

# ब्रजपुरा में एनएसएस शिविर का हुआ समापन

### स्वास्थ्य शिविर में कई लोगों में बीपी और मधुमेह के लक्षण मिले

**छतरपुर, 7 मार्च. छतरपुर के दक्ष इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल्स साइंस की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन गोद ग्राम ब्रजपुरा में हुआ.**

समापन समारोह में ग्राम ब्रजपुरा के सरपंच पंकज मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. कार्यक्रम में स्थानीय समाजसेवी, ग्रामीण और महाविद्यालय के शिक्षक भी



उपस्थित रहे. शिविर के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शशांक चौरसिया और महिला कार्यक्रम अधिकारी अनीता देवी शिवहरे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने गांव में विभिन्न सामाजिक गतिविधियां संचालित कीं.

> सात दिनों तक चले इस शिविर में विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान, श्रमदान, वृक्षारोपण, साक्षरता अभियान, नारा लेखन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया. साथ ही स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और डिजिटल जागरूकता जैसे विषयों पर भी लोगों को जानकारी दी गई. शिविर के दौरान आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों का रक्तचाप और मधुमेह की जांच की गई. जिसमें लगभग 55 प्रतिशत लोगों में इन बीमारियों के लक्षण पाए गए.


